प्रादेशिक समाचार
आकाशवाणी जयपुर–अजमेर
दिनांकः 26.08.2026 समय : 01:00 पी.एम.

00000

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा है कि बुनियादी ढांचा परियोजनाओं को तेजी से पूरा करने में गुणवत्ता से कोई समझौता नहीं होना चाहिए। श्री मोदी ने कल सेवा तीर्थ में प्रगति मंच की 53वीं बैठक की अध्यक्षता करते हुए कहा कि बड़ी परिवहन और बुनियादी ढांचा परियोजनाओं की योजना बनाते समय, बिजली, पानी और अन्य सेवाओं के लिए साझा गलियारे विकसित करने के लिए हर संभव प्रयास करना चाहिए। बैठक में नौ राज्यों से जुड़ी हुई रेलवे, सड़क और बिजली क्षेत्र की छह प्रमुख परियोजनाओं की समीक्षा की गई। इनकी कुल लागत 30 हजार करोड़ रुपये से अधिक है। श्री मोदी ने किसानों को बेहतर सेवाएं प्रदान करने के लिए कृषि क्षेत्र के डिजिटल डेटा प्लेटफॉर्म एग्रीस्टैक में आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस और डिजिटल तकनीक के बेहतर उपयोग का सुझाव दिया। प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि साइबर धोखाधड़ी और डिजिटल अरेस्ट के मामलों पर जागरूकता अभियान, प्रशिक्षण और सुरक्षित डिजिटल व्यवहार को बढ़ावा दिया जाए।

0000

मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कहा कि प्रदेश में निवेश के अनुकूल वातावरण तैयार करने के लिए राज्य सरकार आधारभूत ढांचे को मजबूत करने पर विशेष ध्यान दे रही है। उन्होंने कहा कि पानी, बिजली, सड़क सहित विभिन्न क्षेत्रों में उल्लेखनीय कार्य किए जा रहे हैं, जिससे प्रदेश में निवेशकों के लिए आवश्यक सुविधाओं का विस्तार हो रहा है। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने राजस्थान फाउंडेशन के आठ चैप्टर्स के प्रतिनिधियों के साथ संवाद करते हुए कहा कि राज्य सरकार उद्योग और निवेश के लिए अनुकूल वातावरण उपलब्ध कराने के साथ–साथ आधारभूत सुविधाओं के विस्तार और प्रक्रियाओं को सरल बनाने की दिशा में लगातार काम कर रही है। उन्होंने प्रवासी राजस्थानियों से बदलते राजस्थान में ज्यादा से ज्यादा निवेश करने का आह्वान किया। उन्होंने निर्देश दिए कि राजस्थान फाउंडेशन चैप्टर्स की बैठकें समय–समय पर आयोजित की जाएं, ताकि प्रवासी राजस्थानियों के सुझावों और अनुभवों का लाभ राज्य को मिल सके। श्री शर्मा ने राजस्थान फाउंडेशन के युवा और महिला विंग का शीघ्र संचालन करने को भी कहा।

0000

गृहमंत्री अमित शाह ने अगले एक वर्ष में तीन नए आपराधिक कानून देशभर में पूरी तरह लागू करने का लक्ष्य रखा है। नई दिल्ली में राष्ट्रीय सुरक्षा रणनीति सम्मेलन के समापन सत्र में उन्होंने कहा कि 2047 तक विकसित भारत का लक्ष्य हासिल करने के लिए मजबूत आंतरिक सुरक्षा बेहद जरूरी है। श्री शाह ने कहा कि हर क्षेत्र में नेतृत्व करने के लिए भारत को आंतरिक सुरक्षा और मजबूत करनी होगी। उन्होंने बताया कि मादक पदार्थ, नक्सलवाद और पूर्वोत्तर की सुरक्षा चुनौतियों पर सरकार ने प्रभावी कार्रवाई की है। उन्होंने कहा कि अगले 15 से 20 वर्षों की संभावित चुनौतियों की पहचान कर उन्हें समय रहते रोकने की रणनीति बनाई जानी चाहिए। गृहमंत्री ने राज्यों से नशे के खिलाफ अभियान तेज करने और सुरक्षा के क्षेत्र में आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस के इस्तेमाल पर बल देते हुए कहा कि सरकार का लक्ष्य सुरक्षित, घुसपैठ मुक्त और नशा मुक्त भारत बनाना है।

0000

ईद मिलादुन्नबी का पर्व आज प्रदेशभर में अकीदत और एहतराम के साथ मनाया जा रहा है। अमन, शांति, भाईचारे और मानवता का यह पर्व पैगम्बर हजरत मुहम्मद साहब के जन्मदिन की खुशी में मनाया जाता है। इस मौके पर राजधानी जयपुर सहित सभी स्थानों पर घरों, मस्जिदों, बाजारों और प्रतिष्ठानों को सजाया गया है। राजधानी जयपुर में चार–दरवाजा स्थित मौलाना जियाउद्दीन चौराहे से मुख्य जुलुस निकाला जा रहा है। यह जुलुस सुभाषचौक, जोरावर सिंह गेट और रामगढ मोड होते हुए कर्बला पंहुचेगा। जैसलमेर और भरतपुर में जगह–जगह जुलुस–ए–मोहम्मदी निकाले गये। इस दौरान जुलुस का फूलमालाओं और पुष्पवर्षा के साथ स्वागत किया गया। जालोर में जुलुस के साथ–साथ मिलाद का आयोजन किया जा रहा है। भीलवाडा और सवाईमाधोपुर में भी ईद मिलाद और जुलुस के साथ–साथ जरूरतमंदों को दानपुण्य कर सवाब कमाया जा रहा है। इस मौके पर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने

देशवासियों को ईद मुबारक की शुभकामनाएं देते हुए कहा है कि यह पर्व हमारे आस–पास एकता और खुशियाँ बढ़ाने वाला है। उन्होंने कहा कि मोहम्मद साहब की दया और समाज के प्रति योगदान की भावना हमेशा हमारा मार्गदर्शन करेगी।

0000

आज ओणम् का पर्व पारम्परिक आस्था और उल्लास के साथ मनाया जा रहा है। यह दस दिनों तक चलने वाला पारम्परिक फसल उत्सव है। ओणम् समृद्धि, खुशहाली, समानता और सामुदायिक एकता का संदेश देता है। इस अवसर पर राज्य के विभिन्न हिस्सों में धार्मिक और सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किये जा रहे है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने देशवासियों को ओणम् की शुभकामनाएं देते हुए सभी के जीवन में सुख, समृद्धि और नई ऊर्जा के संचार की कामना की है। वहीं मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने भी प्रदेशवासियों की समृद्धि की कामना करते हुए कहा है कि जनता में खुशी, एकजुटता और समृद्धि की भावना को मजबूत करते हुए यह पर्व सभी के जीवन में जोश और उत्साह से भरपूर हो।

0000